दैनिक भास्कर
यमुनानगर भास्कर 03-01-2024

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव से जीतकर लौटे प्रतिभागी

साढौरा |युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग की ओर से कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण राज्य युवा महोत्सव-2023 का आयोजन इंद्रधनुष सभागार, सेक्टर-5 पंचकूला में किया गया।राज्य युवा महोत्सव मेंजिले के निम्नलिखित प्रतिभागियों ने स्थान प्राप्त किया। युवा महोत्सव में जीतने के बाद प्रतिभागी वापस लौटे।

आईटीआई प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में साहिल प्रथम रहा। समूह प्रतियोगिता में तान्किा व कीर्ति की टीम ने प्रथम रही। लोक गायन (एकल) प्रतियोगिता में जन्नत द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में रिधिमा बब्बर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागी को 11 हजाररुपए नकद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गई। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 7500 रुपए नकद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की गई। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को 5 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान की।

State Youth Festival-2023 organised

PREETI RANI

SADHAURA: Under the direction of the Department of Youth Empowerment and Entrepreneurship, Haryana, the Directorate of Skill Development and Industrial Training, Haryana, Panchkula, successfully organized the State Youth Festival-2023 under the supervision of Sanjeev Sharma, Additional Director (Youth Affairs) at the Indradhanush Auditorium, Sector-5, Panchkula for three days. The main guests at the award distribution and closing ceremony program were Jnan Chand Gupta, Honorable President, Haryana Vidhan Sabha, and the special guest was Kulbhushan Goyal, Mayor, Municipal Corporation, Panchkula. Young artists from Yamunanagar district also participated in this grand event of the State Youth Festival, and the following participants from Yamunanagar district secured positions in this state-level Youth Festival: Sahil secured the first position in the Poster Making competition, Tanika and Kirti's team secured the first position in the Cookery (Group) competition, Jannat secured the second position in Solo Folk Singing competition, and Ridhima

Babbar secured the third position in the Speech competition. Wnners who secured the first position were awarded a cash prize of Rs. 11,000 each, a certificate of merit, and a trophy. Those securing the second position received a cash prize of Rs. 7,500 each, a certificate of merit, and a trophy. The participants securing the third position were awarded a cash prize of Rs. 5,000 each, a certificate of merit, and a trophy.

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 10-01-2024

भाषण प्रतियोगिता में राजदीप कौर ने पाया प्रथम स्थान

साढौरा | सिविल अस्पताल यमुनानगर की ओर से राजकीय आईटीआई में मंगलवार को एड्स जागरूक अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। सिविल से आई सालिका, दीपचंद ने एड्स के लक्षण, कारण व बचाव के बारे में बताया। सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1097 के बारे जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों के मध्य भाषण , पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। भाषण प्रतियोगिता मेंप्रथम स्थानराजदीप कौर, दूसरे स्थान पर सोनिया, तीसरे पर महक रही। पोस्टर मेकिंग मेंअंकित प्रथम,दूसरा अंकित कुमार, तीसरे स्थान पर अजय कुमार रहा। रंगोली प्रतियोगिता में भारती पहले, पलक व प्रियंका, दूसरे पर आरती, मोनिका, साक्षी रहे। पायल, दीपा, आरती तीसरे स्थान पर रहे। संस्थान के वर्ग अनुदेशक,राम पाल नेएड्स से पीड़ित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करने बारे संदेश दिया। मौके पर संस्थान केरविंद्र कुमार, वर्ग अनुदेशक सतीश कुमार, वर्ग अनुदेशक अरविंद कुमार, वर्ग अनुदेशक कुलविंद्र सिंह, अनुदेशकजोनी, अनुदेशक मांगे राम, अनुदेशकरविंद्र कुमार व अनुदेशक शैली शर्मा मौजूद रहे।